नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 22.02.2021

- मण्डलायुक्त महोदय श्री रणवीर प्रसाद द्वारा आज दिनांक 22.02.2021 को हनुमतधाम स्थित रैन बसेरा एवं आटोमेटिक ट्रान्सफर स्टेशन का किया गया निरीक्षण।
- नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम मे चतुर्थ चरण में आज दिनांक 22.02.2021 को नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा विश्वनाथ यात्री परिसर के अन्दर लगवाया गया कोविड–19 टीकाकरण।

1. मण्डलायुक्त महोदय श्री रणवीर प्रसाद द्वारा आज दिनांक 22.02.2021 को हनुमतधाम स्थित रैन बसेरा मे निराश्रित,असहाय कमजोर वर्ग एवं खुले स्थान/फुटपाथ पर सो रहे असुरिक्षत व्यक्तियो की सुविधा हेतु हनुमतधाम स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त महोदय ने रैन बसेरा में रूके हुये लोगो से वार्ता कर उनकी समस्याओ के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही मण्डलायुक्त महोदय द्वारा निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा हेतु रैन बसेरा में बेड, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ–सफाई, सेनेटाइजेंशन, फागिंग तथा कीट नाशक दवा छिड़काव का कार्य का जायजा लिया गया। रैन बसेरा में रूके लोगो से फेस मास्क,समय–समय से हाथ धोने व सेनेटाइजर के उपयोग करने की अपील की तथा रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियो का नियमित रूप से थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स ऑक्सीमीटर से चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त मो0 बहादुरपुरा में अग्निशमन के पास निर्माणाधीन आटोमेटिक ट्रान्सफर स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आटोमेटिक ट्रान्सफर स्टेशन में हो रहे निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। मण्डलायुक्त महोदय के साथ जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह,नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा,अपर जिलाधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी,नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार,उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, महाप्रबन्धक (जल), श्री वी0एन0द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहें।

2. . नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम मे चर्तुथ चरण में आज दिनांक 22.02.2021 को नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बाबा विश्वनाथ यात्री परिसर के अन्दर कोविड–19 टीकाकरण करवाया गया। कोविड–19 से बचाव एवं सुरक्षा हेतु आज दिनांक 22.02.2021 को प्रातः 9.00 बजे सांय 5.00 बजे तक नगर निगम,शाहजहाँपुर में 122 से अधिक अधिकारी/ कर्मचारीगणो द्वारा टीकाकरण कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा अपील की गई कि कोविड–19 से बचाव एवं सुरक्षा हेतु टीकाकरण अनिवार्य रूप से कराये। इस मौके पर उपनगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, श्री अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ अधिकारी डा0 ओ0पी गौतम, महाप्रबन्धक जल श्री वी0एन0 द्विवेदी,मुख्य अभियन्ता निर्माण श्री दिनेश चन्द्र सचान, कर अधीक्षक रामसेवक राम एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त<br>
नगर निगम, शाहजहाँपुर